## Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# क्या चुनावी रैलियां और वोटिंग हो सकती हैं आनलाइन

सुनवाई

## विधानसभा चुनाव स्थगित किए जाने को लेकर हुई अहम सुनवाई

संवाददाता

नैनीताल। हाईकोर्ट नैनीताल ने विधानसभा चुनाव स्थगित किए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग से पूछा है क्या उत्तराखंड में वर्चुअल रैलियां संभव हैं? क्या ऑनलाइन मतदान कराया जा सकता है? 12 जनवरी तक शपथपत्र के साथ बताएं। अगली सुनवाई 12 जनवरी को होगी।

बुधवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति एनएस धानिक की खंडपीठ में चुनाव स्थगित किये जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्रीय निर्वाचन आयोग की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्चुअल रैलियां खराब कनेक्टिविटी के कारण संभव नहीं हैं। मतदान को लेकर



भी यही स्थिति है। आयोग ने यह भी बताया कि मुख्य सचिव के साथ चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक हो चुकी है। कोर्ट ने आयोग से वर्चुअल रैली व ऑनलाइन वोटिंग को लेकर जवाब मांगा है।

अधिवक्ता शिव भट्ट ने पहले से विचाराधीन सच्चिदानंद डबराल व अन्य से संबंधित जनहित याचिका में कोर्ट के आदेशों के विपरीत विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा कोविड नियमों के विपरीत की जा रही रैलियों की तस्वीरें संलग्न कर प्रार्थना पत्र कोर्ट में पेश किया है। जिसमें कहा है कि सियासी रैलियों में कोरोना संक्रमण फैलने की पूरी संभावना है। राजनीतिक दलों की ओर से कोविड के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है।

कोरोना के नए वैरिएंट का जिक्र करते हुए कहा गया है कि यह कोविड के किसी भी अन्य संस्करण की तुलना में 300% से अधिक तेजी से फैल रहा है। लोगों के जीवन की रक्षा के लिए यह आवश्यक हो गया है कि चुनावी रैलियों जैसी बड़ी सभाओं से बचा जाए। याचिका में सभी राजनीतिक दलों को यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि वे अपनी रैलियां वर्चुअल रूप से ही करें, उन्होंने यह भी कहा है कि विधान सभा के चुनाव स्थगित किए जाएं व इस सम्बंध में चुनाव आयोग भारत सरकार को निर्देश दिए जाएं।

## न्यूज डायरी

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सड़क पर उतरे किसान

**संवाददाता** रुड़की। भारतीय किसान यूनियन (क्रांति) के कार्यकर्ता चकबंदी में भ्रष्टाचार रोकने, किसानों का कर्ज माफ करने समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे। डीएवी कालेज से ट्रैक्टर रैली एसडीएम तिराहे तक पहुंची। यहां पर किसानों ने मांग संबंधी ज्ञापन एसडीएम विजयनाथ शुक्ला को सौंपा। इस मौके पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने कहा कि किसान अब अपनी ताकत को जान जा चुका है। अब किसानों की आवाज को नहीं दबाया जा सकता। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (क्रांति ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया। सुबह से ही बारिश के बीच किसान ट्रैक्टरों में सवार होकर डीएवी कालेज मैदान में जमा हुए। दोपहर में किसान ट्रैक्टरों में सवार होकर जेएम कार्यालय की तरफ कूच कर गए।

### कैंट विधानसभा में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आंनद ने 1000 से अधिक जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान रविन्द्र आनन्द ने कहा कि उत्तराखंड में इस वक्त कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और ऐसे में कुछ लोग ऐसे भी है जबके पास ओढ़ने को कम्बल ब नहीं है। उन्होंने कहा कि हमे चाहिए कि ऐसे ही लोगों की मदद कर मानवता का संदेश दें। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में रहने वाला हर व्यक्ति चाहे वो किसी भी जाति धर्म से हो हमारा भाई है इसलिए हमें भाईचारे की भावना से काम करना चाहिए। उन्होंने कैंट विस के विभिन्न क्षेत्रों जिनमे प्रेमनगर, केहरी गांव, एफ आर आई, आई एम ए शास्त्रीनगर खाला गांधी ग्राम गोविंद गढ़ यमुना कॉलोनी पश्चमी पटेलनगर आदि क्षेत्रों में कंबल वितरण किए।

### राष्ट्रीय प्रवेश और छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित करेगा वीएमसी

**संवाददाता** देहरादून। देश में बढ़ते कोविड मामलों (ओमिक्रॉन वेरिएंट) के चलते, जेईई और नीट की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्था विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) अपना नेशनल एडमिशन टेस्ट (एनएटी) 15, 16, 22 और 23 जनवरी को ऑनलाइन मोड से आयोजित कराने जा रही है। जबकि सरकार ने ऑफलाइन स्कूलों को अगली सूचना तक बंद करने का आदेश जारी किया है, लेकिन निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार पाठ्यक्रम जारी रखा है, इसके चलते यह ऑनलाइन परीक्षा जेईई और नीट उम्मीदवारों को उनकी तैयारी यात्रा के दौरान मेंटरशिप, मुफ्त संदेह समाधान और हैंड होल्डिंग सपोर्ट के साथ एक बड़ा बढ़ावा प्रदान करेगी।

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी सीएम चन्नी पर बरसे

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिरोजपुर दौरे के दौरान सुरक्षा में बड़ी चूक की निंदा की है। उन्होंने कहा कि इसे लोकतंत्र में काला अध्याय के तौर पर याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने फोन न उठाए जाने पर पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि ऐसा करके उन्होंने नैतिकता और मर्यादाओं को तार–तार कर दिया।

मुख्यमंत्री धामी ने ट्वीटर पर लिखा कि पंजाब में कांग्रेस ने एक बार फिर अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा के साथ समझौता हुआ और लोगों को अपने प्रिय नेता को सुनने आने से रोका गया, ये पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और निंदनीय है।

### कांग्रेस ने ओछी मानसिकता का परिचय दिया, सुरक्षा में चूक निंदनीय

कांग्रेस नेता अपनी जिम्मेदारियों तो बहुत पहले ही भुला चुके थे और अब मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने फोन तक न उठाकर नैतिकता और मर्यादाओं को तार–तार कर संघीय व्यवस्था का अपमान किया है।

उन्होंने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि वो इस प्रकार का प्रपंच कर प्रदेश की जनता को भाजपा और विकास से दूर कर देंगे तो उनका अनुमान गलत है। पंजाब इनकी सच्चाई को जान चुका है और जनता अब राज्य में खुशहाली और सुशासन चाहती है।



## सीएम ने आई.एफ.एस. एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) विनोद कुमार सिंघल के नेतृत्व में आई.एफ.एस. एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वन संपदा, वन्य जीव संरक्षण एवं अन्य कार्यों के लिये वन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कार्यों की पेंडेंसी को कम से कम करने का प्रयास करें।

# मुख्यमंत्री ने 12 अवर अभियंता को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि. में अवर अभियंता के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। पहले चरण में 78 अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र आज जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास में 12 अवर अभियता को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। 16 अवर अभियंताओं का भी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया गतिमान है, उनको भी जल्द नियुक्ति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा अनफ्रीज किए गए 60 अवर अभियंता के पदों पर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नियुक्ति



की कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते कहा कि सभी पूर्ण मनोयोग से अपने कार्यों का निर्वहन करें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जनसेवा के लिए जो भी कार्य मिलता है, उसे सभी अभ्यर्थी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से समय पर पूर्ण करेंगे।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक यूपीसीएल एवं पिटकुल अनिल कुमार, परियोजना निदेशक यूपीसीएल अजय कुमार अग्रवाल, निदेशक परिचालन एम. एल प्रसाद, महाप्रबंधक मानव संसाधन के.बी चौबे, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन अमित कुमार, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी जितेन्द्र कुमार एवं यूपीसीएल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कोरोना के नये वैरिएंट से घबराने की नहीं, सतर्क रहने की है जरूरत

**संवाददाता** ऋषिकेश। कोरोना के नये वैरिएंट ओमिक्रोन को लेकर निगम प्रशासन एलर्ट हो गया है। महापौर अनीता ममगाईं ने निगम अधिकारी व पार्षदों की मौजूदगी में सफाई निरीक्षकों की बैठक लेकर चुनौतियों से निपटने के लिए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। देशभर के साथ उत्तराखंड में भी कोरोना के नए वैरिएंट के बढ़ते मामलों को लेकर नगर निगम प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी है।

संभावित खतरे को भांपते हुए महापौर ने सफाई निरीक्षकों की बैठक लेकर उन्हें दवाओं के छिड़काव में तेजी लाने के साथ साथ अपने अपने क्षेत्रों में लोगों को मास्क लगाने के लिए भी कहने के लिए निर्देशित किया। महापौर अनीता ममगाईं ने बताया कि पर्यटन एवं धर्मनगरी होने की वजह से यहां बड़ी तादात में देशभर से लोग रोजाना आते हैं। जिसकी वजह से कोरोना के साथ नए वैरिएंट का खतरा भी यहां कही ज्यादा है। इन सब चुनौतियों से निपटने के लिए निगम प्रशासन की ओर से हर आवश्यक कारवाई सुनिश्चित कराने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है।